RNI No.-RAJHIN/2009/27584
जयपुर, गुरुवार, 29 जून 2023
New Delhi > Mumbai > Jaipur
दैनिक
# न्यूज़ ऑफ दि डे
NEWS OF THE DAY
Established 2009 newsofthedayjaipur@gmail.com
पेज 06
वर्ष 14 ■ अंक 320
Contect: 99281 00001, 98282 00001,
पृष्ठ 6 ■ मूल्य 2 रूपये प्रति

## ईद-उल-अजहा आज, सुरक्षा में भारी पुलिसबल का जाप्ता तैनात

न्यूज ऑफ दि डे

**नई दिल्ली।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) के अवसर पर जामा मस्जिद में नमाज अदा की गई। नामज के बाद लोगों ने एक दूसरे को मुबारकबाद दी। सुबह 5 बजे से ही ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर जामा मस्जिद में नमाज़ अदा करने लोग इकट्ठा होना शुरू हो गए थे। जामा मस्जिद के पास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को ईद अल-अधा के पवित्र त्योहार के अवसर पर अपनी बांग्लादेशी समकक्ष शेख हसीना को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पवित्र त्योहार भारत और बांग्लादेश के लोगों को और भी करीब लाएगा।

ईद उल अजहा बृहस्पतिवार को मनाई जा रही है। एक दिन पहले यमुनापार की मंडियों में कुर्बानी के लिए पशुओं की जमकर खरीदारी हुई। लोगों ने पशुओं में सबसे अधिक बकरों को खरीदा। आखिरी दिन सवा लाख रुपये तक के बकरे जाफराबाद व गाजीपुर में बिके। राजस्थान व उत्तर प्रदेश के बकरों की खूब बिक्री हुई। बुधवार को सुबह से ही लोग पशुओं की खरीदारी करने के लिए पहुंचने शुरू हो गए थे। ईद को लेकर मुस्लिम बहुल इलाकों में उत्साह का माहौल है। इस ईद पर पशुओं की कुर्बानी होती है, लोग जगह-जगह पशुओं के अवशेष फेंक देते हैं। ऐसे में निगम ने इसको लेकर कमर कस ली है। निगम का कहना है कि हर एक वार्ड में दिनभर गाड़ियों से कूड़ा उठता रहेगा।

ईद के दौरान शांति बनाए रखने को लेकर की गई बैठक

दक्षिणी जिले के पुलिस द्वारा ईद-उल-अजहा के मद्देनजर अमन समिति के सदस्यों के साथ जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। हौज खास स्थित पुलिस कालोनी के सामुदायिक केंद्र में यह बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान पुलिस ने सभी सदस्यों को पुलिस की आंख और कान बनने और किसी भी संदिग्ध के बारे में रिपोर्ट करने के लिए जागरूक किया। उन्होंने लोगों से क्षेत्र में शांति बनाए रखने की भी अपील की।

## न्यू ब्रीफ

### मुख्यमंत्री ने दी मंजूरी

### 21 नगरीय निकायों में होंगे सड़क विकास कार्य 106.13 करोड़ रुपए की स्वीकृति

जयपुर।

मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के 21 नगरीय निकायों में 367 सड़क विकास कार्यों के लिए 106.13 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रावधान को स्वीकृति दी है। गहलोत की इस स्वीकृति से प्रदेश के 21 नगरीय निकायों में मुख्य सड़कों के मेजर रिपेयर के कार्य हो सकेंगे। श्री गहलोत की बजट घोषणा के अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र में 50 किमी, नगर परिषद क्षेत्र में 35 किमी तथा नगर पालिका क्षेत्र में 20 किमी सड़कों के कार्य करवाए जाने प्रस्तावित हैं।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2023-24 के बजट में प्रदेश में आधारभूत ढांचे को मजबूत बनाने की दृष्टि से विभिन्न सड़क विकास कार्यों की घोषणा की गई थी। इसकी अनुपालना में 238 नगरीय निकायों के 4042 सड़क विकास कार्यों के लिए 1450 करोड़ रुपए की पूर्व में ही स्वीकृति दी जा चुकी है।

### मुख्यमंत्री ने दी मंजूरी- 3 सड़क कार्यों के लिए 32.69 करोड़ रुपए स्वीकृत

**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने 3 सड़क कार्यों के लिए 32.69 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रावधान को स्वीकृति दी है। इस स्वीकृति से सड़क निर्माण एवं नवीनीकरण तथा पुलिया निर्माण कार्य किए जाएंगे। इन कार्यों में 14.21 करोड़ रुपए की लागत से रोहट से जालोर सड़क के 23 किमी भाग का नवीनीकरण कराया जाएगा। धौलपुर में सरमथुरा रोड (बाड़ी) में महाराज बाग से बामनी नदी, महाराज बाग कॉलोनी से परशुराम कॉलोनी वाया संतनगर रोड पर 2 पुलिया व नाला निर्माण होगा, जिसमें 14 करोड़ रुपए व्यय होंगे।

बाड़मेर में रिफाइनरी क्षेत्र में दो लेन सड़क एनएच 25 के किमी 89/100 से 92/700 तनसिंह आरएमसी प्लांट तक सड़क निर्माण कार्य शामिल हैं। इसमें 4.48 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2023-24 के बजट में प्रदेश में आधारभूत ढांचे को मजबूत बनाने की दृष्टि से विभिन्न सड़क विकास कार्यों की घोषणा की गई थी।

## देश में जल्द लॉन्च की जाएंगी फ्लेक्स फ्यूल कारें

### नितिन गडकरी बोले- 100 फीसद इथेनॉल से चलेंगे वाहन

नई दिल्ली,

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि देश में सौ फीसद इथेनॉल से चलने वाले वहन अगस्त में लॉन्च की जाएंगी। उन्होंने कहा, “अगस्त से मैं इथेनॉल पर 100 प्रतिशत चलने वाले वाहन लॉन्च करूंगा। बजाज, टीवीएस और हीरो ने 100 प्रतिशत इथेनॉल पर चलने वाली मोटरसाइकिल बनाई हैं।”



60 प्रतिशत पेट्रोल और 40 प्रतिशत उन्होंने आगे कहा कि टोयोटा कंपनी की तरह 60 फीसदी इथेनॉल और 40 फीसदी बिजली से चलने वाली गाड़ियां भी मार्केट में लायी जाएंगी। उन्होंने कहा

राजानीति से हट कर के किया विकास का काम- गड़करी

उन्होंने कहा कि सभी राज्यों में मैंने सड़क विकास पर राजानीति से हट कर के काम किया है। जिन राज्यों में भाजपा की सरकार नहीं है वहां के मुख्यमंत्री विकास परियोजनाओं पर चर्चा करने के लिए उनसे मिलने आते हैं। पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी हाल ही के दिनों में मुझसे मिलने आईं और कई परियोजनाओं पर चर्चा की।

लोगों का सेवा करना पहला कर्तव्य नितिन गड़करी ने कहा कि देश में सड़कें कई राज्यों से होकर गुजरती हैं। वहां पर कांग्रेस या फिर भाजपा का शासन हो सकता है। हालांकि, इसका मतलब ये बिल्कुल ही नहीं है कि कांग्रेस शासित राज्यों में विकास कार्यों को बंद कर देना चाहिए।

## सरकार और पार्टी में फेरबदल से पहले अमित शाह, नड्डा, संतोष ने पीएम मोदी से मुलाकात की



न्यूज ऑफ दि डे

**नई दिल्ली,।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जे.पी.नड्डा समेत भाजपा के कई शीर्ष नेताओं ने बुधवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, शाह और नड्डा के अलावा महासचिव संगठन बी.एल. 7 लोक कल्याण मार्ग की बैठक में संतोष भी मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्रिमंडल के साथ-साथ पार्टी में भी फेरबदल पर चर्चा चल रही है।

सूत्र ने कहा कि कुछ मंत्रियों को पार्टी में कोई पद दिया जाएगा, जबकि कुछ पार्टी नेताओं को सरकार में पद दिया जाएगा। इससे पहले शाह, नड्डा और संतोष ने पिछले कुछ दिनों में तीन बैठकें की थीं. बीजेपी नेताओं ने आरएसएस के साथ बैठकों का ब्योरा भी साझा किया था। सूत्र ने कहा कि तीनों नेताओं ने अपनी चर्चाओं का खाका और उन बैठकों के दौरान मिले फीडबैक को प्रधानमंत्री के साथ साझा किया है और आने वाले दिनों में निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले और बैठकें होंगी।

## देश में यूसीसी लागू किया जाएगा - राजनाथ सिंह

न्यूज ऑफ दि डे

**जोधपुर,** । रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को यहां एक बड़ी सभा को संबोधित किया, जहां उन्होंने घोषणा की कि देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी।

उन्होंने कहा, “जहां विपक्ष इस पहल की आलोचना करेगा और इसे समाज को बांटने वाला कृत्य करार देगा, वहीं भाजपा कभी भी बांटने की बात नहीं करती बल्कि सभी को साथ लेकर काम करती है।”सिंह ने कहा, नरेंद्र मोदी सरकार वही करने जा रही है जो संविधान के निदेशक सिद्धांतों में लिखा है।

केंद्रीय जल शक्तिमंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले नौ वर्षों में देश को सुशासन का एक नया स्वरूप दिया है।

दोनों नेता भाजपा के जन संपर्क अभियान के तहत जोधपुर के बालेसर सत्ता स्कूल मैदान में आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे।राजनाथ सिंह ने यूसीसी लागू करने के केंद्र सरकार के प्रयासों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि भाजपा अपना वादा पूरा कर रही है।

उन्होंने कहा, “कश्मीर में धारा 370 हटा दी गई। अयोध्या में राम मंदिर निर्माणाधीन है। देश में समान नागरिक संहिता की तैयारी चल रही है।” उन्होंने कहा कि केवल यूसीसी का विरोध करने वाले लोग ही हिंदू-मुस्लिम सवाल उठाते हैं।

उन्होंने कहा, “हर चीज को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की जा रही है। क्या हमें समाज को बांटकर राजनीति करनी चाहिए? क्या हम देश को साथ लेकर राजनीति नहीं कर सकते?




जब यूसीसी की बात आती है, तो हम संविधान निर्माताओं की बात को लागू करने जा रहे हैं, जो नीति निर्देशक सिद्धांतों में लिखा है।”रक्षा मंत्री ने कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार और महिला सम्मान जैसे मुद्दों पर भी अशोक गहलोत सरकार को आड़े हाथों लिया।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में चुनाव नजदीक आते ही राज्य सरकार ने लोगों को लुभाना शुरू कर दिया है।

“लोग सुशासन चाहते हैं या प्रलोभन? क्या आप ऐसी सरकार चाहते हैं जिसका इरादा आपको ख़रीदने का हो? आपको यह ध्यान रखना होगा कि सरकार आपको कितना भी लालच दे, आपको अपना ज़मीर नहीं बेचना है।”राजनाथ सिंह ने यह भी कहा कि ‘न्यू इंडिया’ दुश्मन से आंख में आंख मिलाकर मुकाबला करता है।राजस्थान के पूर्व सैनिकों और वीर माताओं का जिक्र करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि देश के अधिकांश सैनिक बालेसर की ‘पवित्र’ भूमि से आए हैं।उन्होंने कहा, “यहां के सैनिकों ने भारत की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। हम ऐसे वीर सपूतों और वीरांगनाओं के ऋणी हैं।”

इस अवसर पर शेखावत ने कहा कि मोदी सरकार सेवा, सुशासन और कल्याण के सिद्धांत पर काम कर रही है।इस मौके पर राजस्थान में विपक्ष के उपनेता सतीश पुनिया भी मौजूद रहे। जोधपुर, 29 जून (आईएएनएस)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को यहां एक बड़ी सभा को संबोधित किया, जहां उन्होंने घोषणा की कि देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी।उन्होंने कहा, “जहां विपक्ष इस पहल की आलोचना करेगा और इसे समाज को बांटने वाला कृत्य करार देगा, वहीं भाजपा कभी भी बांटने की बात नहीं करती बल्कि सभी को साथ लेकर काम करती है।”सिंह ने कहा, नरेंद्र मोदी सरकार वही करने जा रही है जो संविधान के निदेशक सिद्धांतों में लिखा है।केंद्रीय जल शक्तिमंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले नौ वर्षों में देश को सुशासन का एक नया स्वरूप दिया है।दोनों नेता भाजपा के जन संपर्क अभियान के तहत जोधपुर के बालेसर सत्ता स्कूल मैदान में आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे।राजनाथ सिंह ने यूसीसी लागू करने के केंद्र सरकार के प्रयासों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि भाजपा अपना वादा पूरा कर रही है।



संपादकीय...

## समान संहिता पर दुष्प्रचार, विश्व के किसी भी पंथनिरपेक्ष देश में अलग-अलग निजी कानून नहीं



सैयद शाहनवाज अली
प्रधान संपादक

**सु** विधि आयोग की ओर से समान नागरिक संहिता पर लोगों से सुझाव मांगने के बाद भोपाल की एक सभा में प्रधानमंत्री का यह कहना उल्लेखनीय है कि यह संहिता समय की मांग है। इसका अर्थ है कि उनकी सरकार समान नागरिक संहिता के निर्माण को लेकर प्रतिबद्ध है। यह अच्छा हुआ कि उन्होंने इसका उल्लेख किया कि कुछ राजनीतिक दल समान नागरिक संहिता को लेकर मुसलमानों को भड़काने का काम कर रहे हैं। यह काम वास्तव में हो रहा है।

अनेक राजनीतिक दल और कुछ सामाजिक-धार्मिक संगठन जिस तरह समान नागरिक संहिता के खिलाफ खड़े होते दिख रहे हैं, वह शुभ संकेत नहीं। समान नागरिक संहिता के खिलाफ उठ रही आवाजें न केवल संविधान निर्माताओं के सपनों के विरुद्ध हैं, बल्कि महिलाओं के अधिकारों की अनदेखी करने वाली भी हैं। इसके अतिरिक्त ये एक देश में दो विधान की स्थिति बनाए रखने वाली भी हैं।

विश्व के किसी भी पंथनिरपेक्ष देश में अलग-अलग निजी कानून नहीं हैं, लेकिन भारत में वे इसके बाद भी बने हुए हैं कि संविधान के नीति निर्देशक तत्वों में यह लिखा गया है कि राज्य देश के सभी लोगों के लिए एक समान कानून बनाएगा। क्या यह विचित्र नहीं कि हिंदुओं के निजी कानूनों को तो संविधान लागू होने के कुछ समय बाद ही संहिताबद्ध कर दिया गया, लेकिन अन्य समुदायों के निजी कानून बने रहने दिए गए। निःसंदेह ऐसा वोट बैंक की सस्ती राजनीति के कारण किया गया।

0कोई औचित्य नहीं कि सात दशक बाद भी अलग-अलग समुदाय भिन्न-भिन्न निजी कानूनों के जरिये संचालित होते रहें और वे भी तब, जब उनके कारण महिलाओं के अधिकारों की उपेक्षा होती हो और वे अन्याय का शिकार बनती हों। समान नागरिक संहिता को लेकर लोगों को किस तरह गुमराह किया जा रहा है, इसका पता इससे चलता है कि कुछ राजनीतिक दल यह प्रचारित करने में लगे हुए हैं कि इससे विभिन्न समुदायों की धार्मिक आजादी में हस्तक्षेप होगा।

यह निरा झूठ है। समान नागरिक संहिता से किसी समुदाय की धार्मिक रीतियों में कोई हस्तक्षेप नहीं होने वाला। वह तो केवल सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में सहायक होगी। जैसे बाल विवाह, तीन तलाक की कुप्रथा खत्म करने की जरूरत थी, वैसे ही उन कुरीतियों को भी खत्म किया जाना चाहिए, जिनके कारण महिला अधिकारों का हनन होता है। वास्तव में इसी कारण कई बार विभिन्न उच्च न्यायालय और यहां तक कि सर्वोच्च न्यायालय भी समान नागरिक संहिता की आवश्यकता जता चुका है।

समान नागरिक संहिता के खिलाफ दुष्प्रचार इसीलिए किया जा रहा है, क्योंकि आम लोगों को इसका भान नहीं है कि उसमें क्या और कैसे प्रविधान होंगे? इसे देखते हुए उचित यह होगा कि विधि आयोग लोगों के सुझाव प्राप्त कर यथाशीघ्र समान नागरिक संहिता का कोई मसौदा देश की जनता के विचारार्थ पेश करे। इससे ही समान नागरिक संहिता को लेकर दुष्प्रचार करने वालों पर लगाम लगेगी।



# अमेरिका के साथ हुए समझौतों से और तेज होगी भारत के विकास की रफ्तार

**वि** वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं चतुर्थ तिमाही के हाल ही में जारी किए गए भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास सम्बंधी आंकड़ों से यह आभास हुआ है कि भारत में आर्थिक विकास दर उम्मीद से कहीं अधिक रही है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत की रही है एवं जनवरी-मार्च 2023 की चौथी तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.1 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ी है। जबकि अक्टूबर-दिसम्बर 2022 की तृतीय तिमाही में आर्थिक विकास दर 4.5 प्रतिशत की रही थी। भारत में आर्थिक विकास दर विभिन्न वित्तीय संस्थाओं द्वारा पूर्व में किए गए अनुमानों से कहीं अधिक रही है। निश्चित ही, वित्तीय वर्ष 2022-23 के आर्थिक विकास सम्बंधी आंकडें बेहद उत्साहजनक रहे हैं। भारत में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर विश्व की अन्य समस्त बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में बेहतर रही है एवं भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ रही अर्थव्यवस्था बनी रही है। भारत ने आर्थिक विकास के मामले में चीन से दुगुनी रफ्तार हासिल कर ली है। भारतीय अर्थव्यवस्था का आकर अब 3.50 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के ऊपर निकल चुका है।

हर्ष का विषय यह है कि कृषि के क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2022-23 में विकास दर 4.5 प्रतिशत की रही है जो वित्तीय वर्ष 2021-22 की 3.5 प्रतिशत की विकास दर से कहीं अधिक है। कृषि के क्षेत्र में तेज हो रही आर्थिक विकास दर से सीधे सीधे किसानों को लाभ हो रहा है, ग्रामीण क्षेत्रों के रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं, ग्रामीण इलाकों से शहरों की ओर पलायन कम हो रहा है एवं किसानों की आय में वृद्धि हो रही है, जिससे भारत में उत्पादित होने वाले उत्पादों का एक नया बाजार तैयार हो रहा है। इसी प्रकार सेवा क्षेत्र में भी आर्थिक विकास की दर वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान 11 प्रतिशत की रही है जो वित्तीय वर्ष 2021-22 की विकास दर 9 प्रतिशत की तुलना में कहीं अधिक है। सेवा क्षेत्र में तेज हो रही विकास दर के चलते शहरी क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर अधिक निर्मित हो रहे हैं। हां, अभी भी विनिर्माण क्षेत्र में विकास की दर को तेज होना शेष है। वर्तमान में देश के सकल घरेलू उत्पाद में उद्योग क्षेत्र का योगदान 17 प्रतिशत है, इसे 24 से 25 प्रतिशत तक आगे ले जाना आवश्यक है। यदि उद्योग क्षेत्र के योगदान को 25 प्रतिशत तक लाने में सफलता हासिल हो जाती है तो देश में भारी भरकम वेतन वाले रोजगार के करोड़ों नए अवसर पैदा हो सकते हैं।

इस दृष्टि से ही भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में अमेरिका की यात्रा की है। इस यात्रा में उन्हें बहुत बड़ी सफलता भी हासिल हुई है। भारतीय प्रधानमंत्री ने अमेरिका में कई बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के कार्यपालन अधिकारियों से उनके द्वारा भारत में निवेश किये जाने के सम्बंध में सीधी बातचीत की है। गूगल कम्पनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुंदर पिचाई ने घोषणा की है कि गूगल कम्पनी भारत में 1,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगी। साथ ही, टेस्ला कम्पनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एलन मस्क ने भी भारतीय प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद दिए गए अपने एक बयान में बताया है कि उनकी कम्पनी भारी भरकम राशि का निवेश शीघ्र ही भारत में करने जा रही है एवं इस सम्बंध में वे स्वयं भी वर्ष 2024 में भारत की यात्रा करने वाले हैं। अमेरिकी एयरोस्पेस कम्पनी बोईंग ने भी शीघ्र ही भारत में 800 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की घोषणा की है। इस निवेश से भारतीय इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार और पायलट ट्रेनिंग का काम किया जाएगा। दरअसल, भारत में स्किल्ड पायलटों की मांग लगातार बढ़ रही है और अगले 20 वर्षों में देश में करीब 31,000 नए पायलटों की आवश्यकता होगी। इस कमी की पूर्ति करने में बोईंग द्वारा किए जा रहे निवेश से भारत को बहुत सहायता मिलेगी।

अमेरिकी ई-कामर्स कम्पनी अमेजन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एंडी जैसी ने भी घोषणा की है कि अमेजन कम्पनी शीघ्र ही भारत में 1,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगी। कम्पनी पहले ही भारत में 1,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश कर चुकी है, अब कम्पनी का भारत में कुल निवेश बढ़कर 2,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो जाएगा।

इसी प्रकार, भारत और अमेरिका के बीच जेट इंजन के निर्माण की इकाई स्थापित करने पर भी सहमति बन गई है। इस सम्बंध में भारत की ओर से हिंदुस्तान एयरोनोटिक्स कम्पनी ने एवं अमेरिका की ओर से जनरल इलेक्ट्रिक कम्पनी ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किये है। इससे भारत में ही निर्मित हो रहे तेजस विमान के इंजन को भी अपग्रेड किया जा सकेगा। अमेरिका भारत को अतिआधुनिक एवं शक्तिशाली एमक्यू-9बी ड्रोन भी उपलब्ध कराने को तैयार हो गया है। अमेरिका 60,000 भारतीय इंजीनियरों को सेमीकंडकर सुविधा उपलब्ध कराने की दृष्टि से ट्रेनिंग देने के लिए भी सहमत हो गया है। अर्थात, इस सम्बंध में उच्च तकनीकी भारतीय इंजीनियरों को उपलब्ध करायी जाएगी। मैक्रोन नामक कम्पनी भारत में ही ड्रोन निर्माण हेतु एक इकाई की स्थापना भी करने जा रही है, इसके निर्माण पर मैक्रोन कम्पनी द्वारा भारी भरकम राशि का निवेश भारत में किया जाएगा।

अमेरिका ने भारतीय स्टील एवं अल्यूमिनियम के आयात पर लगने वाले अतिरिक्त शुल्क को समाप्त करने का निर्णय लिया है। इससे अब अमेरिकी बाजार में भारतीय स्टील और अल्यूमिनियम पहले की तुलना सस्ते हो जाएंगे एवं इससे भारत में निर्मित स्टील उत्पादों की मांग अमेरिकी बाजार में बढ़ जाएगी। भारतीय स्टील उद्योग को इससे बहुत फायदा होने की सम्भावना बन गई है।

अमेरिका की विभिन्न कम्पनियों द्वार भारत में किये जाने वाले उक्त वर्णित भारी भरकम राशियों के निवेश से भारत में विनिर्माण क्षेत्र में विकास दर को निश्चित ही बल मिलेगा एवं भारत के कुल सकल उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र की भागीदारी में सुधार होगा।

भारत में जनवरी-मार्च 2023 तिमाही में सकल स्थायी पूंजी निर्माण (जीएफसीएफ) की दर भी उत्साहजनक स्तर 35 प्रतिशत रही है एवं पूरे वित्तीय वर्ष 2022-23 में 29 प्रतिशत रही है। इसका आशय यह है कि भारत में निवेश के क्षेत्र में सुधार दृष्टिगोचर है, जो आगे आने वाले समय के लिए आर्थिक विकास दर को और अधिक तेज करने में सहायक होने जा रहा है। वर्तमान में पूंजी निवेश की दर में वृद्धि केंद्र सरकार द्वारा इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में किए जा रहे भारी भरकम राशि के निवेश के चलते हो रही है परंतु अब चूंकि औद्योगिक इकाईयों की कुल उत्पादन क्षमता का 74 प्रतिशत से अधिक उपयोग होने लगा है अतः अब निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा भी भारत में अपने निवेश को बढ़ावा दिया जाएगा, इससे शीघ्र ही सकल स्थायी पूंजी निर्माण की दर में और अधिक सुधार दिखाई देने लगेगा।

भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए यह भी एक संतोष का विषय है कि भारत में मानसून पिछले 4-5 वर्षों में लगातार अच्छा बना रहा है एवं इस वर्ष भी भारत में सामान्य बारिश होने की सम्भावना व्यक्त की गई है। भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत होने के कारकों में शामिल हैं, केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक क्षेत्र में लागू किए गए विभिन्न सुधार कार्यक्रम, भारत में निवेश के लिए बेहतरीन माहौल तैयार करना, भारत में 130 करोड़ से अधिक नागरिकों का उपभोक्ता बेस उपलब्ध होना अर्थात विशाल घरेलू मार्केट, जिसके चलते भारतीय अर्थव्यवस्था तेज गति से आगे बढ़ती जा रही है। भारत में वस्तु एवं सेवा कर कानून, बैंकिंग क्षेत्र में दिवालियापन कानून एवं उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के लागू करने का भी भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव पड़ता दिखाई दे रहा है। रोजगार के अवसर कृषि क्षेत्र से निकालकर सेवा क्षेत्र एवं उद्योग क्षेत्र में उत्पन्न किए जाने के प्रयास भी युद्ध स्तर पर किए जा रहे हैं, ताकि देश में मानव पूंजी का उचित तरीके से इस्तेमाल किया जा सके।

कृषि के अलावा भारत अब रक्षा क्षेत्र एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है एवं उच्च तकनीकी का उपयोग कर निर्मित किए गए उत्पादों के निर्यात में भी तेजी आ रही है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिकी दौरे के दौरान जो समझौते सम्पन्न किए गए हैं, वह सभी क्षेत्र उच्च तकनीकी क्षेत्र के हैं। अब हवाई जहाज के इंजन भी भारत में बनने लगेंगे, जिससे भारत में रक्षा के क्षेत्र में निर्मित कई उत्पादों का निर्यात कई अन्य देशों को किया जाएगा। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि हाल ही में अमेरिका तथा अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों से भारत द्वारा सम्पन्न किए गए कई समझौतों से भारत में अमेरिका से विदेशी निवेश बहुत बढ़ेगा, इससे भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर में वृद्धि होगी एवं भारत में रोजगार के भी लाखों नए अवसरों का निर्माण होगा।

-प्रह्लाद सबनानी सेवानिवृत उप महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक



# भाजपा ने समान नागरिक संहिता के लिए जो तैयारियां की हैं उसे जानकर चौंक जायेगा विपक्ष

**दि** चुनावी वर्ष में समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी का जो राग मोदी सरकार ने छेड़ा है, उस पर विवाद होना लाजमी था। बात टाइमिंग की कि जाए तो यह साफ है कि बीजेपी 2024 के चुनाव में इसे बड़ा मुद्दा बनाना चाहती है। समान नागरिक संहिता के सहारे बीजेपी हिंदू वोटों का ध्रुवीकरण कराने का प्रयास कर रही है। वहीं मुस्लिम महिलाओं को भी संपत्ति में अधिकार और बहु विवाह प्रथा से मुक्ति दिलाने का वायदा करके उनको अपने साथ लाने को प्रयासरत है।राम मंदिर निर्माण शुरू होने और धारा 370 खत्म होने के बाद अब बीजेपी समान नागरिक संहिता और जनसंख्या नियंत्रण कानून के जरिए 2024 का चुनावी किला फतह करने की रणनीति पर काम कर रही है। समान नागरिक संहिता को लेकर बीजेपी ने बड़ी रणनीति बनाई है। बीजेपी की कोशिश है कि 2024 के पहले समान नागरिक संहिता और जनसंख्या नियंत्रण कानून पर देश भर में बहस शुरू हो जाए और ये बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन जाए। आगामी मानसून सत्र में भी यूसीसी को लेकर हंगामा होने के प्रबल आसार हैं। संभवतः बीजेपी की रणनीति का यह



हिस्सा है क्योंकि बीजेपी अब इन दोनों मुद्दों पर संसद से लेकर सड़क तक की रणनीति पर काम करती हुई नजर आ रही है।

समान नागरिक संहिता को अमली जामा पहनाने के लिए बीजेपी ने तीन स्तर की तैयारी की है। पार्टी सूत्रों की मानें तो संसद में अपने सांसदों के जरिए इस मुद्दे को उठवा कर विपक्ष के रुख का बीजेपी टेस्ट करायेगी। इससे पता चलेगा कि विपक्ष विरोध के लिए एकजुट हो पा रहा है या नहीं। साथ ही यह भी जाना जा सके कि विपक्ष किस हद तक इन मुद्दों का विरोध कर रहा है। लोकसभा और राज्यसभा में बीजेपी ने पिछले सत्रों में अपने ऐसे सांसदों से इस मुद्दे पर प्राइवेट मेंबर बिल पेश करवाया जो बहुत हाई प्रोफाइल नहीं हैं। लोकसभा में निशिकांत दुबे और रवि किशन ने जनसंख्या नियंत्रण कानून का मुद्दा उठाया तो राज्यसभा में राजस्थान के बीजेपी नेता किरोड़ी लाल मीणा ने समान नागरिक संहिता पर प्राइवेट मेंबर बिल पेश किया था। अभी बीजेपी के कई और सांसद यूसीसी और जनसंख्या नियंत्रण के मुद्दे को सदन में उठाएंगे।

बताया जा रहा है कि देशभर के सभी राज्यों में संघ के अलग-अलग संगठनों के साथ मिलकर बीजेपी के कार्यकर्ता सभी जिलों में कलेक्टर को प्रधानमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपकर समान नागरिक संहिता की मांग करेंगे। इसके लिए बीजेपी हस्ताक्षर अभियान भी चलाएगी, जिसमें वह विश्व हिंदू परिषद और दूसरे हिंदू संगठनों का भी सहयोग लेगी। पार्टी सूत्रों का कहना है कि इस मुद्दे पर बीजेपी ने 100 करोड़ हस्ताक्षर कराने का भी लक्ष्य तय किया है, जिससे ये साबित किया जा सके कि पूरा देश समान नागरिक संहिता की मांग कर रहा है।

-अजय कुमार

# स्ट्रेचिंग करने से पीठ दर्द में मिलेगी राहत



रुटीन वर्कआउट में स्ट्रेचिंग को शामिल करना बहुत जरूरी है। मांसपेशियों में खिंचाव से जुडे ये व्यायाम न सिर्फ वॉर्मअप का काम करते हैं, बल्कि इससे मसल की जकडन दूर होती है और शरीर लचीला बनता है। आज हम आपको तीन स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज के बारे में बता रहे हैं जिनसे शरीर मजबूत होगा और पीठ दर्द में राहत भी मिलेगी।

### सीटेड हिप ट्विस्ट

दायें पैर को बायीं जांघ के ऊपर रखते हुए चटाई पर बैठ जाएं। जब आप श्वास लेंगे तो आपका मेरुदंड तना रहेगा। अब आपको श्वास छोडते हुए खुद को बायीं ओर मोडना है। दोनों तरफ से इस व्यायाम को पांच-पांच बार करें।

*लाभः इस व्यायाम में जब आप पैर और नितंब को मोडते हैं तो शरीर को स्थिर होने का प्रशिक्षण मिलता है। उदर की मांसपेशियां मजबूत होती हैं।*

### काउ फेस पोज

जमीन पर दोनों पैरों को एक-दूसरे के ऊपर मोडकर इस तरह रखें कि एक घुटना दूसरे घुटने के ऊपर आ जाए। अब दायें हाथ को कंधे से ऊपर से पीछे की ओर ले जाएं। अब बायां हाथ मोडते हुए कमर की ओर से पीछे ले जाएं। दोनों हाथ पीठ पर एकदूसरे को छूने चाहिए। रीड की हड्डी को सीधा रखें, अब इस अवस्था में रहते हुए कई मिनट तक गहरी सांस भरें।

*लाभः इसे करने से कूल्हों, टखनों, जांघ, कंधे, कांख, छाती की मांसपेशियों में गहरा खिंचाव होता है। घुटनों के दर्द में राहत मिलती है।*






### कैट-काउ पोज

अपने दोनों हाथों और घुटने के बल लेट जाएं। इस अवस्था में कंधे और घुटने नितंब से एकसीध में रहेंगे। अब धीरे से नितंब की हड्डी (टेलबोन) को उठाएं और अपने कंधों को झुकाते निगाह जमीन पर ले जाएं। आपका सिर नीचे झुक जाएंगा, रीड की हड्डी गोलाकार मुद्रा में होगी। इस अवस्था में पेट का तानते हुए नाभि की ओर ध्यान ले जाएं। अब इस व्यायाम को दोहराएं।

लाभः इस मुद्रा से गर्दन, कंधे और रीड में लचीलापन बढता है। साथ ही मासिक धर्म के दौरान होने वाली ऐंठन, पीठ के निचले हिस्से के दर्द में राहत मिलती है।

# डायबिटीज के मरीजों को गर्मियों में लाभकारी होता है जूस का सेवन



गर्मियों में एक गिलास जूस गर्मी से काफी राहत दिलाने का काम करता है। जूस शरीर में पानी की कमी भी नहीं होने देता है। जूस का सेवन करने से शरीर तरोताजा हो जाता है। जूस में शुगर की मात्रा काफी होती है जिस वजह से शरीर को बहुत जल्दी एनर्जी मिलने लगती है। पर जूस का सेवन करने से शरीर में शुगर की मात्रा भी बढ़ने का खतरा रहता है जो स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है। डायबिटीज के मरीजों के लिए शुगर लेवल का बढ़ना खतरनाक साबित हो सकता है। कुछ जूसों के सेवन से शुगर लेवल भी नहीं बढ़ता है और ताजगी का अनुभव भी होता है।

### कोकम जूस

कोकम का जूस सेहत के लिए फायदेमंद होता है। जो लोग अपनी फिटनेस का अधिक ध्यान रखते हैं, उन्हें कोकम जूस को भी अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए। कोकम के जूस का प्रतिदिन सेवन करने से वजन नियंत्रित रहता है। डायबिटीज के मरीजों के लिए कोकम का जूस फायदेमंद होता है। गर्मियों के मौसम में डायबिटीज के मरीजों को अपनी डाइट में कोकम के जूस को भी शामिल करना चाहिए। इसका सेवन करने से आप तरोताजा महसूस करेंगे।

### नमकीन लस्सी

गर्मियों के मौसम में डायबिटीज के मरीजों के लिए नमकीन लस्सी का सेवन फायदेमंद होता है। इसके सेवन से शरीर तरोताजा रहता है। आप घर में आसानी से नमकीन लस्सी बना सकते हैं। आपको नमकीन लस्सी बनाने के लिए दही, काला नमक, पुदीना और जीरा पाउडर की आवश्यकता पड़ेगी।

### बेल का जूस

बेल का जूस स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है। डायबिटीज के मरीजों के लिए बेल का जूस काफी फायदेमंद होता है। बेल के जूस का सेवन करने से ब्लड शुगर लेवल नहीं बढ़ता है। बेल में काफी मात्रा में एंटीआक्सिडेंट, आयरन, विटामिन और मिनरल्स पाए जाते हैं जो शरीर को कई तरहों की बीमारियों से बचाते हैं। गर्मियों में बेल के जूस का सेवन करने से लू से भी बचा जा सकता है।

### जल जीरा

*आमतौर पर जल जीरा का सेवन गर्मियों में काफी मात्रा में किया जाता है। जल जीरा का सेवन गर्मियों में काफी फायदेमंद होता है। इसके सेवन से गर्मी से बचा जा सकता है। आप आसानी से इसे घर में बना सकते हैं। डायबिटीज के मरीजों को खान-पान में विशेष ध्यान देना होता है। जल जीरा का सेवन करना डायबिटीज के मरीजों के लिए फायदेमंद रहता है। इसके सेवन से ब्लड शुगर लेवल नहीं बढ़ता है।*





### मसाला छाछ

*गर्मियों के दिनों में मसाला छाछ का सेवन करना बहुत फायदेमंद रहता है। इसके सेवन से शरीर तरोताजा रहता है। सिर्फ डायबिटीज के मरीजों को ही नहीं, इसका सेवन गर्मी में हर किसी को करना चाहिए। इसका सेवन करने से गर्मी से राहत मिलती है। आप आसानी से घर में मसाला छाछ बना सकते हैं।*

### आम पन्ना जूस

आम के सेवन से ब्लड शुगर के बढ़ने का खतरा रहता है, परंतु कई विशेषज्ञों के अनुसार आम पन्ने के जूस का सेवन किया जा सकता है। डायबिटीज के मरीजों को इस बात का विशेष ध्यान रखना है कि आपने इस जूस में चीनी नहीं मिलानी है। आप इसमें काला नमक का इस्तेमाल कर सकते हैं। काला नमक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है।

# गर्मियों में फायदेमंद होता है कच्चे आम का सेवन

उल्टी आने और जी मचलाने की समस्या से भी अक्सर सामना हो जाता है। इससे छुटकारे के लिए भी कच्चे आम का सेवन किया जाता है। इसके लिए काले नमक के साथ कच्चे आम का सेवन किया जाना चाहिए। गर्मियों का यह मौसम आप के चाहने वालों के लिए बड़े इंतजार के बाद आता है। आने के बाद भी कुछ समय के इंतजार के बाद ही असली स्वाद वाला आम नसीब होता है। इस मौसम में आम को बहुत ही पसंद किया जाता है। वहीं आम की तुलना में कच्चा आम का सेवन भी गर्मियों के मौसम में काफी फायदेमंद रहता है। कच्चे आम की चटनी हो या पन्ना गर्मी के मौसम में स्वाद और सेहत दोनों के लिए ही ये काफी अच्छा रहता है। कच्चे आम में ऐसे कई गुण मौजूद होते हैं जो शरीर को स्वस्थ बनाएं रखते हैं और बीमारियों को दूर करते हैं। इसमें विटामिन सी भी भरपूर मात्रा में होता है।



### पेट संबंधी रोग

पेट संबंधी रोगों में कच्चा आम काफी फायदेमंद रहता है। वहीं इससे एसिडिटी की समस्या को दूर किया जा सकता है। वहीं कच्चा आम आंतों में होने वाले संक्रमण को भी दूर करता है। अपच और कब्ज जैसी समस्या से निपटने के लिए भी कच्चे आम का सेवन काफी लाभकारी रहता है।

### जी मचलाने की समस्या

उल्टी आने और जी मचलाने की समस्या से भी अक्सर सामना हो जाता है। इससे छुटकारे के लिए भी कच्चे आम का सेवन किया जाता है। इसके लिए काले नमक के साथ कच्चे आम का सेवन किया जाना चाहिए।

### लू से बचाव

गर्मियों में लू से बचाव के लिए भी कच्चे आम का सेवन फायदेमंद माना जाता है। लू से बचाव के लिए कच्चे आम का सेवन करने की सलाह दी जाती है। कच्चे आम के सेवन से गर्मियों में शरीर में पानी की आपूर्ति भी की जा सकती है।


### रोग प्रतिरोधक क्षमता

कच्चा आम रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मददगार साबित होता है। इससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाया जा सकता है और शरीर को स्वस्थ बनाया जा सकता है।

### शुगर की समस्या

शुगर की समस्या होने पर कच्चे आम के सेवन से शुगर लेवल को कम करने में मदद मिलती है। वहीं इसका इस्तेमाल शरीर में आयरन की पूर्ति करने के लिए भी आसानी से की जा सकती है।

# दांत के दर्द में आसानी से पाएं छुटकारा



कई बार अचानक से उठा दांत का दर्द आपके सारे प्लान्स को खराब करने के लिए काफी है। दांत का दर्द ऐसा दर्द है, जो बड़े से बड़े व्यक्ति को हिला सकता है। दांतों का दर्द बहुत परेशान करता है। इसमें ना आप खा सकते हैं और चेहरे पर सूजन आती है वो अलग। एक दांत का दर्द भी काफी परेशानी बड़ा देता है। बाकि शरीर के किसी भी अंग के दर्द को आप एंटीसेप्टिक क्रीम, दवाइयों या फिर स्प्रे आदि से ठीक कर सकते हैं, लेकिन दांत के दर्द का इलाज थोड़ा मुश्किल हो जाता है। किसी को अपने दांतों के दर्द के बारे में बताया जाए तो नमक के पानी के गरारे और लौंग की सलाह देते हैं, ऐसे और 5 आसान घरेलू तरीके, जिन्हें अपनाकर दांत के दर्द को दूर किया जा सकता है।

### 1. अमरूद के पत्ते

इसके लिए आपको अमरूद के फ्रेश पत्ते यानी हल्के हरे रंग के छोटे पत्ते चाहिए होंगे। इन फ्रेश पत्तों को धोकर आप दर्द वाले दांत के पास चबा सकते हैं या फिर इन्हें उबाल कर इसके पानी से कुल्ला करें। इस तरीके को अपनाने के बाद आपको जल्दी आराम पड़ेगा।

### 2. प्याज का टुकड़ा

इसमें मौजूद एंटीसेप्टिक प्रोपर्टिज़ दर्द को कम करने की क्षमता रखती हैं। इसके लिए आप प्याज का एक छोटा टुलड़ा लें, इसे दर्द वाले दांत पर कुछ देर रखें और हल्का-हल्का चबाएं। अगर आप टुकड़ा मुंह में नहीं रखना चाहते तो प्याज के रस को कॉटन की मदद से दांत पर लगाएं।

### 3. लहसुन की कली

प्याज की ही तरह लहसुन भी दर्द कम करने के काम आता है। इसकी एक कली को दर्द वाले दांत पर रखें और हल्के-हल्के चबाते रहें। 10 से 15 मिनट में आपको दर्द में आराम महसूस होने लगेगा।







### 4. नमक और काली मिर्च

देखकर डरे नहीं, इसके इस्तेमाल से आपको थोड़ी मिर्च जरूर लगे लेकिन आराम पक्का मिलेगा। इसके लिए थोड़ा नमक और उससे आधी मात्रा में काली मिर्च का पाउडर में हल्का पानी डालकर मिक्स करें। अब इस पेस्ट को दर्द वाले दांत पर लगाएं। यह उपाय उनके लिए बेस्ट है जिनके दांत में कीड़ा लगा हो।

### 5. गेंहू का पौधा

यह आपको आसानी से ना मिले, लेकिन बाजारों में मिल सकता है। इसके लिए गेंहू के छोटे पौधे या घास को मुंह में डालकर चबाएं। या फिर इसे अच्छे से उबालें और इसके पानी से कुल्ला करें। ऐसा आप हफ्ते में 2 से 4 बार करें।

नोट - अगर दर्द ज्यादा हो तो डेंटिस्ट को जरूर दिखाएं और उनसे दवाइयों के साथ-साथ क्या खाएं और क्या नहीं, इसके बारे में भी पूछें।



## एक नजर

### आस्ट्रेलिया के लॉर्ड्स टेस्ट जीतने पर एशेज का फैसला हो जाएगा : मैक्ग्रा

**लंदन।** महान तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा का मानना है कि अगर आस्ट्रेलिया लॉर्डस पर दूसरा टेस्ट जीत लेती है तो पैट कमिंस इंग्लैंड में एशेज श्रृंखला जीतने की उपलब्धि हासिल कर लेंगे जो रिकी पोंटिंग और माइकल क्लार्क जैसे विश्व कप विजेता कप्तान भी नहीं कर पाए। आस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट जीतकर। . 0 से बढत बना ली है। मैक्ग्रा ने बीबीसी से कहा , पिछली बार 2005 में किसी टीम ने पिछड़ने के बाद वापसी करके एशेज जीती थी। मैं उस टीम का हिस्सा था। वही हालात अब भी है। आस्ट्रेलिया अगर दूसरा टेस्ट जीत लेती है तो एशेज का फैसला लगभग हो जाएगा। इंग्लैंड पर काफी दबाव होगा क्योंकि हारने पर उनके लिए वापसी मुश्किल होगी। आस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड में आखिरी बार टेस्ट श्रृंखला 2001 में जीती थी। मैक्ग्रा ने कहा , आस्ट्रेलिया के पास 2001 के बाद इंग्लैंड में एशेज जीतने का सुनहरा मौका है। कमिंस वह हासिल कर सकते हैं जो रिकी पोंटिंग और माइकल क्लार्क नहीं कर सके। उन्होंने कहा , कप्तान हमेशा मोर्चे से अगुवाई करते हैं और कमिंस ने पहले टेस्ट में वही किया। उन्होंने इंग्लैंड के आक्रमक खेल की भी तारीफ करते हुए कहा , वे आक्रामक हैं और सकारात्मक भी। जब आप बेखौफ खेलते हैं, तभी पता चलता है कि आप कितने सक्षम हैं।

### डुप्लांटिस ने पोल वॉल्ट में आउटडोर विश्व रिकॉर्ड बनाया

**ओस्ट्रावा (चेक गणराज्य)।** स्वीडन के पोल वॉल्टर अर्मांड डुप्लांटिस ने गोल्डन स्पाइकमीट में 6 . 12 मीटर का फासला नापकर आउटडोर विश्व रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले विश्व रिकॉर्ड 6 . 11 मीटर का था जो उन्होंने इस महीने की शुरूआत में नीदरलैंड के हेंजेलो में बनाया था। उन्होंने अपने पहले ही प्रयास में 6 . 12 मीटर की बाधा पार की।




अमेरिका में जन्में डुप्लांटिस ने 25 फरवरी को फ्रांस के क्लेरमोंट फेरांड में 6 . 22 मीटर का इनडोर रिकॉर्ड बनाया था। शॉटपुट में अमेरिका के विश्व रिकॉर्डधारी रियान क्राउसर ने 22 . 63 मीटर का थ्रो फेंककर अपना ही इस टूर्नामेंट का रिकॉर्ड बेहतर किया। ओलंपिक चैम्पियन पुएर्तो रिको की जैसमीन सी किन ने महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ जीती।

### जीसीएल : चिंगारी गल्फ टाइटंस, मुंबा मास्टर्स जीते

**दुबई।** चिंगारी गल्फ टाइटंस ने ग्लोबल शतरंज लीग में गंगा ग्रैंडमास्टर्स को हराया जबकि मुंबा मास्टर्स ने त्रिवेणी कांटिनेंटल किंग्स को शिकस्त दी। टाइटंस ने गंगा ग्रैंडमास्टर्स को 9 . 7 से हराया जबकि मुंबा मास्टर्स ने 10 . 4 से जीत दर्ज की। इस हार के बावजूद गंगा ग्रैंडमास्टर्स जीसीएल तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है जबकि मुंबा मास्टर्स एकपायदान चढकर तीसरे स्थान पर है।




**भारत- पाक मैच :** होटल बुकिंग वेबसाइट पर बढ़ी कीमतें दिख रही हैं

# 15 अक्टूबर के लिए होटलों के किराये आसमान छूने लगे


**अहमदाबाद**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा भारत में होने वाले एक दिवसीय विश्व कप के कार्यक्रम की घोषणा होने के साथ ही 15 अक्टूबर को भारत और पाकिस्तान के मैच के दिन यहां होटलों के किराए अभी से आसमान छूने लगे हैं और कुछ होटलों ने तो दस गुना इजाफा कर दिया है। विभिन्न होटल बुकिंग वेबसाइट पर जो कीमतें दिखाई जा रही है, उसी से अनुमान लग जाता है कि 15 अक्टूबर को नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर भारत और




पाकिस्तान के मैच के लिए अभूतपूर्व मांग रहने वाली है। होटलों के कमरों के दाम करीब दस गुना बढ गए हैं और कुछ होटल तो उस दिन का एक लाख रूपया दाम मांग रहे हैं। कई होटलों के कमरे पहले ही बुक हो चुके हैं। आम तौर पर एक लक्जरी होटल में एक दिन का किराया पांच से आठ हजार रहता है जो 15 अक्टूबर के लिए बढकर 40000 से एक लाख रूपए तक हो गया है। बुकिंग डॉट कॉम के अनुसार दो जुलाई को आईटीसी वेलकम होटल का किराया 5699 रूपए प्रतिदिन है लेकिन 15 अक्टूबर को यह 71999 रूपए है। रेनेसेंस अहमदाबाद होटल का अभी किराया आठ हजार रूपए प्रतिदिन है जो 15 अक्टूबर को 90679 रूपए दिख रहा है। इसी तरह एसजी हाइवे पर प्राइड प्लाजा होटल का किराया उस दिन के लिए 36180 रूपए है। साबरमती रिवरफ्रंट पर कामा होटल का आगामी रविवार को किराया 3000 रूपए है लेकिन 15 अक्टूबर को यह 27233 रूपए होगा। आईटीसी नर्मदा, कोर्टयार्ड बाय मेरियट, हयात और ताज स्कायलाइन जैसे पांचसितारा होटलों में तो उस दिन के लिए कमरे ही उपलब्ध नहीं हैं। होटल्स और रेस्त्रां संघ गुजरात के प्रवक्ता अभिजीत देशमुख ने कहा , अगर होटल मालिकों को लगता है कि किसी अवधि में मांग बहुत अधिक रहने वाली है तो वे कमाई की सोचेंगे क्योंकि उन्हें पता है कि अधिक दाम पर भी बुकिंग फुल रहने वाली है।

## जय शाह ने सुनिश्चित किया कि क्रिकेट विश्व कप मैच में गुजरात को प्राथमिकता मिले: टीएमसी



**ट्वीट**

साकेत गोखले ने ट्वीट किया, आईपीएल 2023 का शुरुआती मैच नरेंद्र मोदी स्टेडियम में, आईपीएल 2023 का फाइनल नरेंद्र मोदी स्टेडियम में, क्रिकेट विश्व कप 2023 का शुरुआती मैच नरेंद्र मोदी स्टेडियम में, क्रिकेट विश्व कप 2023 का फाइनल भी नरेंद्र मोदी स्टेडियम में।

**नई दिल्ली**

तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता साकेत गोखले ने आरोप लगाया कि बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सुनिश्चित किया कि पांच अक्टूबर से शुरु होने वाले क्रिकेट विश्व कप के लिए स्टेडियम चुनने में गुजरात को अन्य राज्यों की तुलना में प्राथमिकता दी गई क्योंकि वह गृहमंत्री अमित शाह के बेटे हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और मेजबान भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को विश्व कप के कार्यक्रम की घोषणा की जिसमें विपक्ष के कुछ नेताओं ने राजनीतिक हस्तक्षेप का संकेत दिया और अहमदाबाद को बड़े मैच की मेजबानी दिए जाने पर सवाल उठाए जबकि कई अन्य राज्यों को कोई भी मैच नहीं मिला। टीएमसी के प्रवक्ता साकेत गोखले ने बुधवार को ट्वीट किया, आईपीएल 2023 का शुरुआती मैच नरेंद्र मोदी स्टेडियम में, आईपीएल 2023 का फाइनल नरेंद्र मोदी स्टेडियम में, क्रिकेट विश्व कप 2023 का शुरुआती मैच नरेंद्र मोदी स्टेडियम में, क्रिकेट विश्व कप 2023 का फाइनल भी नरेंद्र मोदी स्टेडियम में। उन्होंने ट्वीट किया, जय शाह - बीसीसीआई सचिव और अमित शाह का बेटा - सुनिश्चित करते हैं कि गुजरात को अन्य राज्यों की तुलना में हमेशा प्राथमिकता दी जाए।

**टेनिस**



## नीता अंबानी ने बूडल्स टेनिस में पहला रिलायंस फाउंडेशन ईएसए कप दिया

**नई दिल्ली**

विम्बलडन से पहले बकिंघमशर में खेले जा रहे द बूडल्स टेनिस टूर्नामेंट में रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक और चेयरपर्सन नीता अंबानी ने टेनिस खिलाड़ी डिएगो श्वार्जमैन को रिलायंस फाउंडेशन ईएसए कप प्रदान किया। द बूडल्स को विंबलडन चैंपियनशिप से पहले एक बेहतरीन अभ्यास टेनिस टूर्नामेंट माना जाता है। स्टोक पार्क में 27 जून से। जुलाई 2023 के बीच खेला जाने वाला यह टूर्नामेंट अपनी 19वीं वर्षगांठ मना रहा है। यहां जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार पांच दिन चलने वाले इस टेनिस टूर्नामेंट में हर दिन रिलायंस फाउंडेशन ईएसए कप पुरस्कार दिए जाएंगे। इस मौके पर नीता अंबानी ने कहा, यहां का माहौल अद्भुत है। हमें कुछ बेहतरीन टेनिस देखने को मिला। खेल के साथ चैरिटी करने के अवसर ने इसे और भी सार्थक बना दिया है। मैं सभी युवाओं को शुभकामनाएं देती हूं और उम्मीद करती हूं कि वे अपनी पसंद का कोई भी खेल अपनाएंगे और अपने और अपने आस-पास के लोगों के लिए उत्साह, दृढ़ विश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण लेकर आएंगे। दुनिया के शीर्ष 20 पुरुष टेनिस खिलाड़ियों में से सात इस साल द बूडल्स में खेल रहे हैं, जिनमें स्टेफानोस सिटसिपास (विश्व नंबर 5), होल्गर रूने (विश्व नंबर 6) और आंद्रे रुबलेव (विश्व नंबर 7) शामिल हैं। महामारी के बाद पहली बार खेले जा रहे टूर्नामेंट को लेकर टेनिसप्रेमियों के बीच काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

## भारत में शतरंज क्रांति शुरू हो गई है : मैग्नस कार्लसन



**एजेंसी ■ दुबई**

पांच बार के विश्व चैम्पियन और दुनिया के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन भारत में शतरंज में लोगों की रूचि देखकर हैरान है और उन्होंने कहा कि यह एक क्रांति की शुरूआत है जिसका आगाज विश्वनाथन आनंद ने किया था। कार्लसन यहां ग्लोबल शतरंज लीग खेलने आए हैं। उन्होंने कहा कि भारत से अक्सर ग्रैंडमास्टर निकल रहे हैं जो खेल के लिए अच्छा है। उन्होंने कहा , भारत में शतरंज में लोगों की इतनी रूचि देखकर अच्छा लग रहा है। इतने युवा इस खेल को अपना रहे हैं। मुझे लगता है कि यह एक क्रांति का आगाज है जिसकी शुरूआत विश्वनाथन आनंद के ग्रैंडमास्टर बनने से हुई थी। जीसीएल में भारत के तीन ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी, आर प्रज्ञानानंदा और डी गुकेश अल्पाइन वारियर्स टीम में है जिसके अगुवा कार्लसन हैं। कार्लसन ने कहा , ए सभी बेहतरीन खिलाड़ी हैं। उन्हें ज्यादा बताने की जरूरत नहीं पड़ती। वे अपना स्वाभाविक खेल दिखाते हैं और कोई सवाल हो तो पूछते हैं। उन्हें मेरी सलाह की ज्यादा जरूरत नहीं है।

## विश्व कप के लिए स्टेडियम पर 20 से 25 करोड़ रुपए खर्च करेगा दिल्ली

**नई दिल्ली**

अक्टूबर नवंबर में भारत में होने वाले वनडे विश्व कप के दौरान पांच मैचों की मेजबानी करने वाले अरूण जेटली स्टेडियम की मरम्मत और साज सज्जा पर 20 से 25 करोड़ रूपए खर्च किए जाएंगे। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच इस साल की शुरूआत में दूसरे टेस्ट की मेजबानी करने वाले स्टेडियम में दर्शकों की सुविधाओं का ख्याल नहीं रखे जाने के कारण काफी आलोचना हुई थी। अप्रैल में बताया गया कि दिल्ली समेत पांच स्टेडियमों में काफी काम की जरूरत है। इनमें हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई और मोहाली शामिल है। मोहाली में हालांकि विश्व कप का कोई मैच नहीं होना है। भारत में क्रिकेट की अपार लोकप्रियता के चलते बीसीसीआई प्रसारण अधिकारों से करोड़ों कमा रहा है लेकिन अधिकांश स्टेडियमों की हालत इतनी खराब है कि मूलभूत सुविधाएं भी नहीं है। दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ के संयुक्त सचिव रजत मनचंदा ने कहा कि फोकस विश्व कप के दौरान दर्शकों का अनुभव यादगार बनाने पर होगा। उन्होंने कहा , हमें पांच मैचों की मेजबानी दिए जाने के लिए हम बीसीसीआई को धन्यवाद देते हैं। हमें स्टेडियम का बुनियादी ढांचा बेहतर करना होगा ताकि दर्शकों का अनुभव यादगार रहे।

**टेनिस**

## विंबलडन में शीर्ष वरीय होंगे कार्लोस अल्काराज और इगा स्वियातेक

**विम्बलडन**

चार बार के गत चैम्पियन नोवाक जोकोविच को विम्बलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के लिए शीर्ष वरीयता नहीं मिली है बल्कि आल इंग्लैंड क्लब ने उम्मीद के अनुरूप एटीपी और डब्ल्यूटीए रैंकिंग के अनुसार पुरुष वर्ग में कार्लोस अल्काराज और महिला वर्ग में इगा स्वियातेक को नंबर एक वरीयता दी है। अल्काराज सोमवार को पुरुष रैंकिंग में जोकोविच को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंच गए थे। 11 जून को फ्रेंच ओपन में रिकॉर्ड 23वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने के बाद से जोकोविच ने कोई मुकाबला नहीं खेला है जिससे वह रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गए। अल्काराज ने रविवार को क्वींस क्लब में ग्रासकोर्ट की तैयारी वाले टूर्नामेंट



में खिताब जीता था जिससे वह शीर्ष रैंकिंग पर पहुंच गए। जोकोविच ने पिछले चार विम्बलडन खिताब (कुल सात विम्बलडन ट्राफियां) अपनी झोली में डाले हैं। वहीं आल इंग्लैंड क्लब ने 2022 में रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों को यूक्रेन पर हमले के कारण टूर्नामेंट से प्रतिबंधित किया था। लेकिन इस साल ए खिलाड़ी ग्रैंडस्लैम में खेल सकते हैं। रूसी खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव तीसरे वरीय होंगे जबकि बेलारूस की आर्यना सबालेंका को महिलाओं के वर्ग में दूसरी वरीयता मिली है। विम्बलडन सोमवार से शुरु हो रहा है और 32 पुरुष वरीय खिलाड़ियों में कैस्पर रूड चौथी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं। उनके बाद स्टेफानोस सिटसिपास, होल्गर रूने, यानिक सिनर, टेलर फ्रिट्ज और फ्रांसेस टियाफो शामिल हैं। एक साल पहले उप विजेता रहे निक किर्गियोस को 31वीं वरीयता मिली है। दो बार के विम्बलडन चैम्पियन एंडी मरे की रैंकिंग 39 है जिससे उन्हें वरीयता नहीं मिली है। स्वियातेक अप्रैल 2022 के बाद से शीर्ष रैंकिंग पर काबिज हैं और चार ग्रैंडस्लैम खिताब जीत चुकी हैं जिसमें से हाल में उन्होंने फ्रेंच ओपन जीता था। वह हालांकि विम्बलडन में चौथे दौर से आगे नहीं पहुंच सकी हैं। एलीना रिबाकिना तीसरी वरीय हैं जो आल इंग्लैंड क्लब में 2022 महिला चैम्पियन रही थीं। उनके बाद जेसिका पेगुला, कैरोलिन गार्सिया, ओंस जाबेयूर, कोको गॉफ, मारिया सकारी और दो बार की चैम्पियन पेत्रा क्वितोवा और बारबोरा क्रेजसिकोवा शामिल हैं।

**टूर्नामेंट**

**डब्ल्यूटीए रैंकिंग के अनुसार पुरुष वर्ग में कार्लोस अल्काराज और महिला वर्ग में इगा स्वियातेक को नंबर एक वरीयता मिली है।**

**महिला हॉकी** मुझे उम्मीद है कि जो हम 2008 में नहीं कर सके, वह जूनियर महिला टीम चिली में कर दिखाएगी : कोच

**विम्बलडन**

## चिली में मिले जख्मों पर मरहम लगाने का मौका : तुषार खांडेकर

**नई दिल्ली**

चिली के सैंटियागो में 2008 में ओलंपिक क्वालीफायर हारने का दर्द झेल चुके तुषार खांडेकर को अब इस साल के आखिर में भारतीय जूनियर महिला टीम के कोच के रूप में उसी शहर में जाना है और उनके पास चक दे इंडिया के कोच कबीर खान की तरह मौका है कि जो बतौर खिलाड़ी वह नहीं कर सके, कोच के रूप में कर सकते हैं। आठ बार की चैम्पियन भारतीय टीम 2008 में सैंटियागो में बीजिंग ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में ब्रिटेन से 2-0 से हारकर 80 साल में पहली बार ओलंपिक में जगह बनाने में नाकाम रही थी। खांडेकर उस टीम का हिस्सा थे जिन्हें मंगलवार को जूनियर महिला हॉकी टीम का कोच बनाया गया है। अब चक दे इंडिया के कबीर खान की तरह खांडेकर के पास भी एक कोच के




रूप में वह करने का मौका है जो वह खिलाड़ी के तौर पर नहीं कर पाए। हाल ही में जापान के काकामिगाहारा में चार बार की चैम्पियन कोरिया को हराकर पहली बार एशिया कप जीतने वाली जूनियर महिला हॉकी टीम चिली के सैंटियागो में ही 29 नवंबर से 10 दिसंबर के बीच जूनियर विश्व कप खेलेगी तो कोच खांडेकर ही होंगे। जूनियर महिला टीम का कोच बनाए जाने के बाद खांडेकर ने भाषा को दिए इंटरव्यू में कहा , मैं चिली की उन भयावह यादों को ताजा नहीं करना चाहता और ना ही कभी इसके बारे में बात करता हूं। लेकिन शायद मुझे यह मौका मिला है कि मैं उन कड़वी यादों को सुनहरी यादों में बदल सकूं। उन जख्मों पर मरहम लगा सकूं जो मुझे 15 साल पहले वहां मिले थे और जिनकी टीस आज भी ताजा है। उन्होंने कहा , यह बहुत कुछ फिल्म चक दे जैसा ही है। मुझे उम्मीद है कि जो हम 2008 में नहीं कर सके , वह जूनियर महिला टीम चिली में इस साल के आखिर में विश्व कप में कर दिखाएगी। पूर्व ओलंपियन और जूनियर तथा सीनियर एशिया कप जीतने वाली भारतीय टीमों के सदस्य रहे खांडेकर अपेक्षाओं के दबाव को सकारात्मक मानते हैं और उनका मानना है कि यह टीम जूनियर विश्व कप में बेहतरीन प्रदर्शन करने में सक्षम है। उन्होंने कहा , मेरी प्राथमिकता खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद करना होगी। ऐसे खिलाड़ी तैयार करना जो भविष्य में भारत के लिए सीनियर स्तर पर भी अच्छी हॉकी खेल सकें।

उन्होंने स्वीकार किया कि जूनियर एशिया कप जीतने के बाद टीम से अपेक्षाएं बढ गई है लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि इससे टीम का आत्मविश्वास भी बढा है। भारत के लिए 2003 में हॉकी आस्ट्रेलिया चैलेंज कप में पदार्पण करने वाले इस अनुभवी फॉरवर्ड ने कहा , निश्चित तौर पर अब विश्व कप में भी उस प्रदर्शन को दोहराने का दबाव होगा। मैं अपेक्षाओं को सकारात्मक लेता हूं क्योंकि जब आप काबिल होते हैं तो ही आपसे उम्मीद की जाती है। इससे खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढता है। जूनियर महिला विश्व कप चिली के सैंटियागो में 29 नवंबर से 10 दिसंबर के बीच खेला जाएगा। भारतीय टीम को पूल सी में बेल्जियम , कनाडा और जर्मनी के साथ रखा गया है। भारत 29 नवंबर को कनाडा से, एक दिसंबर को जर्मनी और दो दिसंबर को बेल्जियम से खेलेगा।38 वर्ष के इस दिग्गज पूर्व खिलाड़ी ने कहा , हमारा फोकस अब विश्व कप पर ही होगा।

## जस्ट स्टॉप ऑइल प्रदर्शनकारियों ने दूसरे एशेज टेस्ट में बाधा पहुंचाई

**लंदन**

इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया के बीच बुधवार को दूसरे एशेज टेस्ट के पहले दिन का खेल शुरू होने के समय जस्ट स्टॉप आइल ग्रुप के दो प्रदर्शनकारी मैदान में घुस गए और करीब पांच मिनट तक खेल बाधित रहा।
पर्यावरण के लिए काम कर रहे इन प्रदर्शनकारियों ने मैदान पर नारंगी पाउडर डालने की कोशिश की लेकिन दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने रोका। इंग्लैंड के विकेटकीपर जॉनी बेयरस्टो एक प्रदर्शनकारी को 50 मीटर तक ले गए और सीमा के पास सुरक्षाकर्मियों को सौंप दिया। दूसरे को इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और आस्ट्रेलिया के बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने बाहर भेजा। बाद में बेयरस्टो इंग्लैंड के चेंजिंग रूम में गए क्योंकि उनके ऊपर पाउडर गिर गया था। लंदन की मेट्रोपोलिटन पुलिस ने एक बयान में कहा , पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इस साल इस ग्रुप ने ब्रिटेन में कई खेल आयोजनों में बाधा पैदा की है। आयरलैंड के खिलाफ टेस्ट के दौरान उन्होंने इंग्लैंड टीम की बस को रोका। इसके अलावा प्रीमियर लीग फुटबॉल, प्रीमियरशिप रग्बी फाइनल, विश्व स्नूकर चैम्पियनशिप में भी बाधा पहुंचाई। इनका मकसद ब्रिटिश सरकार को नए ईंधन की लाइसेंसिंग और उत्पादन से रोकना है।



**इंग्लैंड के विकेटकीपर जॉनी बेयरस्टो एक प्रदर्शनकारी को 50 मीटर तक ले गए**

# आज मनाया जाएगा ईद उल अज़्हा का त्योहार

## तीन दिन तक अल्लाह की राह में दी जाएगी क़ुर्बानी

न्यूज ऑफ दि डे
मोहम्मद तसलीम उद्दीन उसमानी




**जयपुर**। त्याग और बलिदान का त्योहार ईद उल अज़्हा आज धूमधाम से मनाया जाएगा।मुस्लिम समुदाय के लोग इस त्योहार को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। तीन दिन तक क़ुर्बानी का दौर शहरभर में चलेगा। इस ईद पर अल्लाह की राह में कुर्बानी देने का रिवाज है। इस त्योहार पर मुस्लिम समुदाय के लोग साफ-पाक होकर ईदगाह मे नमाज पढ़ते हैं। नमाज के बाद कुर्बानी दी जाती है। दिल्ली रोड स्थित ईदगाह व जौहरी बाजार स्थित जामा मस्जिद सहित शहर की मस्जिदों में ईद उल अज़्हा की नमाज अदा की जाएगी। ईद उल अज़्हा की पूर्व संध्या पर बाजारों में खासी चहल-पहल नजर आई। इस दिन घरों में बनने वाले पकवानों के लिए खरीदारी की गई। महिलाओं और बच्चों ने नए कपड़े खरीदे। चूड़ियों और सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों पर भी भीड़भाड़ रही। जिला प्रशासन द्वारा भी बकरीद को शांतिपूर्ण माहौल में मनाए जाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की गई हैं। खासतौर पर मुस्लिम बाहुल्य इलाकों, मस्जिदों और ईदगाह के आसपास विशेष सफाई एवं पानी के प्रबंध किए हैं। मुसलमानों का यह पवित्र त्योहार कुर्बानी के त्योहार के रूप में अधिक जाना जाता है। खास बात यह भी है कि ईद उल अजहा का त्योहार तब मनाया जाता है जब हज पूरा होता है। इस्लाम को मानने वाले आज के दिन ईद की नमाज अदा करते हैं और अल्लाह की राह में कुर्बानी देते हैं।

### देर रात तक सजी रही बकरा मंडी

अल्लाह की राह में कुर्बानी अदा करने के त्यौहार ईद-उल-अजहा को लेकर देर रात तक दिल्ली रोड स्थित ईदगाह इलाके में कुर्बानी के लिए लगी बकरों की मंडी में काफी संख्या में जानवर कुर्बानी के लिए बेचने के मकसद से आते रहे। लोग यहां से अपनी पसंद का बकरा खरीदने के लिए मौजूद रहे। 8000 से लेकर एक लाख के बकरे मंडी में बिकने के लिए आए थे।

### यहां होगी ईद उल अज़्हा की नमाज़

गुलाब मस्जिद रामगंज बाज़ार सुबह 6 बजे, दगड़ा वाली मस्जिद में 6 बजे, बड़ी मस्जिद रहमानी में सुबह 6:15 पर अदा होगी। जामा मस्जिद जौहरी बाजार में 6:30, छोटी मस्जिद रहमानी में 6:30,मोहम्मदी मस्जिद एच ए आर कॉलोनी में 6:30 पर अदा होगी। मस्जिद मोमीनान में सुबह 7:00 बजे, ईदगाह में सुबह 8:00 बजे, दरगाह मोलाना साहब में 8:15 पर अदा होगी।

## सचिवालय कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष पर राजकार्य में बाधा, अशोभनीय आचरण का मामला

न्यूज ऑफ दि डे

**जयपुर** । सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने विभाग में कार्यरत सहायक अनुभाग अधिकारी और सचिवालय संघ के पूर्व अध्यक्ष अभिमन्यु शर्मा के विरुद्ध राजकार्य में बाधा डालने, वरिष्ठ अधिकारियों से अशोभनीय भाषा का प्रयोग करने, अनुशासनहीनता, अनाधिकृत रूप से ड्यूटी से अनुपस्थिति के मामले को लेकर अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु पत्र लिखा है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने कार्मिक विभाग को लिखे अपने पत्र में बताया कि विभागीय समीक्षा बैठक में ई फ़ाइलिंग की प्रगति माँगने पर अभिमन्यु शर्मा ने ख़ुद को सचिवालय संघ का अध्यक्ष बताते हुए वरिष्ठ अधिकारियों से बदसलूकी कर उनके खिलाफ नारेबाज़ी और ऑफिस पर ताले लगाने की धमकी तक दे डाली। बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों ने जब उन्हें टोका तो अभिमन्यु ने स्थानान्तरण को जेब में रख कर घूमने की बात कर उपस्थित अधिकारियों के लिए अशोभनीय भाषा का प्रयोग करते हुए अमर्यादित टिप्पणी की। विभाग ने बताया कि अभिमन्यु के बिना कारण बताए अनुपस्थित रहने और सचिवालय संघ की बैठको का हवाला देकर अधिकारियों के निर्देशों की लगातार अवहेलना से विभागीय कार्यो पर अनुचित प्रभाव पड़ रहा है।

इस संबंध में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के शासन सचिव समित शर्मा अभिमन्यु शर्मा के विरुद्ध कार्यवाही के लिए कार्मिक विभाग को चार्जशीट भिजवाई गई है जिससे भविष्य में इस तरह के कृत्यों की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।

### वाहन असंतुलित होने से अधेड महिला की मौत

**टोंक**। सदर थाना क्षेत्र के चंदलाई सडक मार्ग पर मोटरसाईकिल असंतुलित होने से उस पर संवार चालक की मां गंभीर रूप से घायल हो गईं। जिसने दौराने उपचार मौत हो गई।

सदर थानाधिकारी घनष्याम मीणा ने बताया कि बीते दिन सुबह मां बेटा एवं साथ में तीन वर्षीय पोता बनेठा से पोता का इलाज कराके लोट रहे थे कि वाहन संतुलित होने से मृतका ननवानी देवी पत्नी बन्ना लाल गुर्जर उम्र 55 साल वाहन से गिरने से गंभीर घायल हो गई जिसे जिला मुख्यायल स्थितं सआदत चिकित्सालय टोंक में भर्ती कराया गया, जहां दोराने उपचार महिला ने दम तोड दिया।

## . झाडियों में मृतक का श व मिला, हत्या का आरोप



न्यूज ऑफ दि डे

**टोंक**। पीपलू थाना क्षेत्र में सुबह की थाने पर सूचना मिली की एक युवक का षव झाडियों में पडा है, षव की सूचना स्थानीय संरपंच द्वारा दी गई, मौके पर पुलिस थाना पीपलू, वृताधिकारी इन्दु लोदी, एसडीएम वर्षा षर्मा व सीआई प्रहलाद सहाय मय जाप्जे के घटना स्थल पर पंहुच, जहां पूर्ण सतरक्ता बरते हुए एफएसएल टीम को बुलाया गया। वही मृतक शंकर मीणा पुत्र पप्पू मीणा उम्र 22 साल निवासी काकड ने अपने पुत्र की हत्या की जाने की संदेह जाहिर की है। साथ ही इसी संदेह के आधार पर उन्होने प्रषासन से परिजनो के लिए पांच मांगे भी सामने रखी, फिलहाल समझाईष कर बाद पोस्टमार्टम षव परिजनो को सौपा गया।

श्रीमति इन्दु लोदी ने कहा कि जहां तक हत्या की सन्देह की बात है वह अग्रिम जांच का विषय है।

## गांधी वादी विचारको का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

न्यूज ऑफ दि डे




**टोंक**। शान्ति एव अहिंसा विभाग (राजस्थान सरकार) के तत्वादान में गांधीवादी विचारको का एक दिवसीय गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बुधवार 28 जून को अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ गांधी की छाया चित्र पर सूत की माला पहनाकरध्दीप प्रज्वलित किया गया।

शान्ति एव अहिंसा प्रकोष्ठ टोंक ब्लॉक सयोजक विकास विजयवर्गीय ने प्रशिक्षण शिविर में पधारे सभी अगंतुओ का अभिनंदन स्वागत करते हुए कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महात्मा गांधी के सिद्धांत जन-जन तक पहुंचे इसके लिए शांति एव अहिंसा निदेशालय की स्थापना कर एक इतिहास रचा है। उन्होंने बताया की शान्ति एवं अहिंसा निदेशालय के निर्देशक मनीष शर्मा द्वारा राजस्थान के सभी जिलो में शांति एव अहिंसा प्रकोष्ठ की स्थापना कर जन-जन तक गांधी के विचारो को पहुंचाने का काम किया है।

महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति शान्ति एव अहिंसा विभाग के जिला संयोजक सुनील बंसल ने महात्मा गांधी के जीवन मूल्यों की महत्वता के बारे में बताया उन्होंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा महात्मा गांधी के विचारों को फैलाने के लिए किए जा रहे हैं प्रयासों के बारे में बताते हुए सभी लोगों को महात्मा गांधी के सिद्धांतों पर चलने के लिए कहा। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया।

विकास अधिकारी पंचायत समिति टोंक रामअवतार यादव ने महात्मा गांधी का जीवन परिचय देते हुए गांधीजी के मूल्यों के बारे में बताया !गांधी दर्शन पर चल रही जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे महात्मा गांधी नरेगा ,श्रम कार्ड ,पालनहार आदि के बारे में प्रशिक्षण प्राप्त करने आए लोगों को जानकारी दी।

गांधीवादी विचारक पी.सी जैन ने गांधी दर्शन समिति के कार्यालय के उद्घाटन की बधाई के साथ अपने उद्बोधन में कहा की महापुरुषों ने त्याग से आजादी दिलाई उनके मूल्यों को अपनाने के लिए जोर दिया एवं महात्मा गांधीजी से जुड़े जीवन के अद्भुत स्मरण विस्तार से बताएं ! उन्होंने महात्मा गांधी द्वारा दक्षिण अफ्रीका में भारतीय बंधुआ मजदूरों के अधिकारों के लिए किए गए संघर्ष के बारे में बताया ! उन्होंने शिविर में आए लोगों से महात्मा गांधी के जीवन से संबंधित प्रश्न भी पूछे जिनका प्रशिक्षण प्राप्त करने आए युवा महिला पुरुषों ने बढ़-चढ़कर जवाब दिए !

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सीताराम गुप्ता ने कहा कि आप हम जिस स्वतंत्रता के आनंद ले रहे हैं उसके लिए महात्मा गांधी जी ने बहुत तप तपस्या और संघर्ष किया था ! उन्होंने गांधीजी के संघर्ष पर प्रकाश डाला।

ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार ने सरकार द्वारा आम जनों के लिए चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए उन योजनाओं का लाभ कैसे मिले इसकी जानकारी शिविर में उपस्थित लोगों से साझा कीं तथा ब्लॉक सी.एम.एचओ रामकिशोर बेरवा द्वारा चिकित्सा क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा चल रही योजनाओं की जानकारी दी गई।

गांधी दर्शन के सदस्य सुभाष मिश्रा जी ने महात्मा गांधी की जीवन पर आयोजित गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर की उपयोगिता के बारे में बताया !

गांधी दर्शन के सदस्य पंकज यादव ने महात्मा गांधी के सिद्धांतों के बारे में जानकारी देते हुए शांति एवं अहिंसा प्रकोष्ठ द्वारा गांधी दर्शन के लिए चलाएं जा रहे कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया।

गांधी दर्शन के सदस्य एडवोकेट कैलाश सैनी जी ने कहा कि गांधीजी सिर्फ हमारे अतीत ही नहीं भविष्य भी हैं उन्होंने अधिवक्ता होने के नाते आमजन के अधिकारों की रक्षा हेतु सरकार द्वारा दी गई सुविधाओं के बारे में बताया।

प्रषिक्षण षिविर में 400 प्रतिभागियों सहित गांधीवादी विचारक एव प्रशासनिक अधिकारियो ने निभाई प्रशिक्षण शिविर में अपनी भागीदारीता। प्रशिक्षण शिविर में नवीन त्रिपाठी ,हारून सर,जुनेद सर,प्रधान मीणा, दिलीप सैनी, मैना जाट ,मीनाक्षी शर्मा ,यमुना शर्मा, सपना गुर्जर ,आकाश शर्मा ,राहुल सैनी, अजय मीणा, दीपक मीणा ,भागीरथ शर्मा ,पूजा यादव, रेखा बेरवा, सोनू यादव ,केशव पांचाल ,दिलखुश यादव, शैतान सिंह, श्रवण मीणा सहित ब्लॉक से पधारे प्रशासनिक अधिकारीगण गांधीवादी विचारक एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने आए महिला पुरुष मौजूद रहे ! संपूर्ण कार्यक्रम का सफल मंच संचालन डी.डी गुप्ता द्वारा किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### जैविक आदर्श गांव में ऑन फार्म प्रशिक्षण हुआ संपन्न



न्यूज ऑफ दि डे

**दौसा / मनीष कुमार /** जिलें के लालसोट क्षेत्र के ग्राम थलोज में प्रस्तावित जैविक आदर्श गांव में ऑन फार्म प्रशिक्षण विधिवत रूप से हुआ संपन्न। कट्स इंटरनेशनल जयपुर एवं स्वीडीस सोसाइटी फॉर नेचर कंजर्वेशन के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय ऑन फार्म प्रशिक्षण पुरुषोत्तम यादव के फार्म पर किसानों को दिया गया। जिसमें राजकीय कृषि महाविद्यालय डीडवाना से अधिष्ठाता प्रोफ़ेसर महेश दत्ता ने जैविक खेती के उन्नत तरीको का प्रशिक्षण किसानों को दिया जिसमें किसान को अपनें फार्म पर शुरुआत कहां से करनी हैं और किन किन बातों का ध्यान रखना हैं' जिसमें पशुपालन को महत्व दिया गया। वहीं पर्यावरणविद राजकीय राजेश पायलट महाविद्यालय से प्रोफ़ेसर सुभाष पहाड़िया ने बताया कि प्रकृति का संतुलन एवं पर्यावरण को संरक्षित करना है तो किसान अपनाए जैविक खेती, जिसमें पशु पक्षी जीव जंतु सभी का ध्यान रखतें हुएं पारंपरिक कृषि पर प्रकाश डाला' व कार्यक्रम की ऑनलाइन मॉनिटरिंग कट्स इंटरनेशनल जयपुर से एसोसिएट निदेशक दीपक सक्सेना एवं कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र चतुर्वेदी ने की अंत में खेत पर दियें गयें प्रशिक्षण के बारें में डिस्ट्रिक्ट कंसलटेंट ओ.पी पारीक ने बताया कि किसानों को अब उनकें खेतों पर ही संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। जिससें प्राकृतिक खेती एवं जैविक खेती के लिए शुरुआत पोषण वाटिका से करनी होगीं जिन महिलाओं ने इस बात को स्वीकार हीं हैं। उनकें लिए तो भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली से बीजों के किट मंगवा कर नि.शुल्क वितरण किए गए आनें वालें समय में इन किसानों के यहां पर इससे होनें वालें लाभ देखे जाएंगे और ढाणी - ढाणी में किसानों को इस मुहिम जोड़ा जाएगा ताकि उनको भी फायदा हो सकें।

### ईद को लेकर सीएलजी सदस्यों की बैठक हुई आयोजित

**(शहज़ाद खान)।दौसा / मनीष कुमार**। जिलें के मानपुर पुलिस थाना परिसर में दौसा आईपीएस वंदिता राणा व उच्च अधिकारीयों के आदेशों की पालना में मानपुर सीओ दीपक कुमार मीणा एवं थानाधिकारी सीताराम सैनी की उपस्थिति में मुसलमानों का ईद त्यौहार एवं अन्य धार्मिक त्योहारों को मध्य नजर रखतें हुएं थाना क्षेत्र के सीएलजी सदस्य ग्राम रक्षक, पुलिस मित्रों की मीटिंग ली गई' एवं इलाके में शांति बनाएं रखनें हेतु उचित निर्देश दिए गए। इस सीएलजी मीटिंग में हेड कांस्टेबल लालाराम, पुष्पेंद्र , कांस्टेबल सोहनलाल, राजेश, दीनदयाल आदि उपस्थित रहें।

### अवैध गोदाम पर पुलिस की छापेमारी में मिला शराब का जखीरा

(शहज़ाद खान)।

**दौसा** / मनीष रांझणा / सदर थाना पुलिस ने कार्यवाहीं करतें हुएं भाण्डारेज रोड़ पटवार ढाणी में अवैध गोदाम पर छापा मारकर भारी मात्रा मे देशी व अंग्रेजी शराब बरामद की हैं। आरपीएस श्वेता पाठक ने बताया कि मुखबीर की सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्यवाहीं करतें हुयें भाण्डारेज रोड़ पटवार ढाणी के पास संचालित अवैध गोदाम पर छापा डालकर गोदाम में भरी अंग्रेजी शराब की 88 बोतल, 155 अद्धा व 791 पब्बा व 204 बोतल बीयर व 145 बीयर केन एवं देशी शराब के 1524 पब्बे एक मोबाईल एवं नगदी 77890 जप्ती / बरामदगी की कार्यवाहीं की हैं। उल्लेखनिय हैं कि उक्त गोदाम के लियें आबकारी निरक्षक की अनुशंषा की हुई हैं परन्तु गोदाम का लाईसेंस जारी नहीं हुआ हैं। वअवैध रूप से देशी, अंग्रेजी शराब व बीयर रखने के संबंध में उन्होनें बताया कि आबकारी अधिनियम में प्रकरण दर्ज किया गया हैं।

### ईदुलजुहा पर्व को देखते हुए 4 ड्यूटी मजिस्टेट नियुक्त

(शहज़ाद खान)।

टोंक। अतिरिक्त जिला मजिस्टेट ने गुरुवार, 29 जून को ईदुलजुहा के त्योहार को देखते हुए जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए 4 ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किये हैं।

अतिरिक्त जिला मजिस्टेट ने बताया कि भारत भूषण गोयल, सहायक निदेशक लोक सेवाऐं कलेक्ट्रेट टोंक को मालपुरा का संपूर्ण शहरी क्षेत्र एवं उपखण्ड अधिकारी महिपाल सिंह को ईदगाह केकड़ी रोड़ मालपुरा का ड्यूटी मजिस्टेट नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार बृजेश चौधरी, सहायक कलेक्टर मुख्यालय टोंक को घंटाघर से बहीर ईदगाह एवं टोंक तहसीलदार रामधन गुर्जर को घंटाघर से जामा मस्जिद बड़ा कुंआ क्षेत्र का ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि नियुक्त किए गए सभी मजिस्टेट अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर स्थिति की निगरानी रखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने की सुनिश्चितता करेंगे। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की आशंका होने की दशा में तत्काल अधोहस्ताक्षरकर्ता को सूचित करेंगे।

प्रकाशक एवं मुद्रक सैयद शाहनवाज अली द्वारा मैं डी.बी. कॉर्प लिमिटेड के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा रेलवे क्रॉसिंग, टोंक रोड, जयपुर से मुद्रित एवं विटोरियन एपायर, दीपक मार्ग, एम.डी.रोड, जयपुर से प्रकाशित। प्रधान सपादकः सैयद शाहनवाज अली। प्रबंध सपादकः असलम रशीद उस्मानी। *समाचार चयन के लिए पीआरबी एट के तहत जिममेदार।